उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER TRANSMISSION
CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 733-पारे०अनु०-04बी/पाट्राकालि-2024/20/2009टी०सी०

दिनांकः 20 दिसम्बर , 2024

समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर-I/II),
उ०प्र० पावर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लि०,
लखनऊ/आगरा/मेरठ/झाँसी/गोरखपुर/प्रयागराज।

विषय- संगठन के (77वां महाधिवेशन) कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ०प्र० के केन्द्रीय अध्यक्ष ने अपने पत्र संख्या-04/कैम्प (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से यह सूचित किया है कि संगठन के केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक आगामी दिनांक 19.12.2024 एवं (77वां वार्षिक महाधिवेशन), रविन्द्रालय, चारबाग़ लखनऊ में दिनांक 20-21 दिसम्बर 2024 को करना निश्चित किया गया है। उन्होंने अनुरोध किया है कि उक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिये संगठन के सदस्यों को दिनांक-20 एवं 21 दिसम्बर 2024 को एवं दिनांक-19, 20 एवं 21 दिसम्बर, 2024 को कार्यकारिणी सदस्यों के लिये "विशेष आकस्मिक अवकाश" प्रदान कर दिया जाए।

संघ के उपरोक्त आग्रह के संदर्भ में मुझे यह अवगत कराना है कि पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश संख्या-3488बी/एसईबी/एस-17(8एच)/78 दिनॉक 05.12.1983 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत संघ के उन सदस्यों को, जो अधिवेशन में भाग लेने के इच्छुक हो उन्हें 20 एवं 21 दिसम्बर 2024 का तथा कार्यकारिणी के उन सदस्यों को, जो कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने के इच्छुक हों, को बैठक में सम्मलित होने हेतु दिनांक 19 दिसम्बर, 2024 का ''विशेष आकस्मिक अवकाश'' उन्हें आवंटित कार्यो की आवश्यकता एवं आकस्मिकता को दृष्टिगत रखते हुए सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी द्वारा (प्रारूप आवेदन-पत्र पर) स्वीकृत किया जायेगा।

अतः मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी संगठन के सदस्यों, जो उक्त अधिवेशन में सम्मिलित होना चाहें, को उनके व्यक्तिगत प्रार्थना पत्र पर "विशेष आकस्मिक अवकाश" पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश संख्या-3488बी/एसईबी/एस-17(8एच)/78 दिनॉक 05.12.1983 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-5948(औ०सं०)-17/पाकालि/03-188ए०एस०/96 दिनॉक 31.12.2003 सपठित कार्यालय ज्ञाप संख्या-5820(औ०सं०)-17/पाकालि/03-188ए०एस०/96 दिनॉक 04.12.2004 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वीकृत करने तथा उन कार्मिकों की पदवार सूची, जिन्हें उक्त अवकाश स्वीकृत किया जायेगा, कारपोरेशन मुख्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(सत्यार्थ गंगवार)
उप सचिव (पारेषण-तृतीय)

संख्याः 733 (I)-पारे0अनु0-04बी/पाट्राकालि-2024, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ के निजी सचिव।
2. महाप्रबन्धक (औ0सं0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।
4. अधिशासी अभियन्ता (सं0) निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को ट्रान्समिशन की वेब-साइट www.upptcl.org पर अपलोड करने हेतु।
5. केन्द्रीय अध्यक्ष, राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0 को उनके पत्र संख्या-04/कैम्प, दिनांकः 16.12.2024 के संदर्भ में।

Satyarth

(सत्यार्थ गंगवार)

उप सचिव (पारेषण-तृतीय)